दैनिक

# न्याय साक्षी

अधिकार से न्याय तक

## आवश्यक सूचना

आप सभी को सूचित करते हर्ष हो रहा है, कि न्यायसाक्षी अधिकार से न्याय तक दैनिक हो गया है। इसका सर्वे का कार्य आगे भी तेजी से चल रहा है, जल्द ही सर्व की टीम आपके घर विजिट करेगी, कृपया अपनी प्रति सुरक्षित कराएं।

RNI NO :- CHHHIN/2018/76480 || Postal Registration No-055/Raigarh DN CG || रायगढ़, रविवार 26 मई 2019 || पृष्ठ-4, मूल्य 3 रूपए || वर्ष-01, अंक-233

# कोचिंग सेंटर में भीषण अग्निकाण्ड में मृत छात्रों की संख्या बढ़कर हुई 23

**» राज्य सरकार ने राहत व बचाव कार्य किए तेज » मृतकों के परिजनों को आर्थिक सहायता की घोषणा**

**सूरत (आरएनएस)।** गुजरात के सूरत में स्थित तक्षशिला के कोचिंग सेंटर में शुक्रवार शाम को लगी भीषण आग की चपेट में आने से दम घुटने तथा बचाव के लिए कोचिंग सेंटर के चौथे माले से कूदने के कारण मरने वालों छात्रों की संख्या बढ़कर 23 हो गई है।

सूत्रों ने बताया कि आग की वजह से कई छात्र जलकर राख हो गए, वहीं कई ने घबराहट में इमारत से छलांग लगा दी और उनकी मौत हो गई। दमकल विभाग के कर्मियों ने कहा कि सरथना इलाके में स्थित तक्षशिला इमारत में हुए हादसे में 23 छात्रों की मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि इमारत की छत पर अस्थायी ढांचे के निर्माण के साथ कोचिंग संस्थान चलाया जा रहा था। यहां पहुंचने के लिए लकड़ी की सीढ़ी बनाई गई थी। गुजराज के मुख्यमंत्री विजय रुपाणी ने इस अग्नि दुर्घटना के बाद क्षेत्र का दौरा कर राहत व बचाव के निर्देश दिये हैं। वहीं इस दुर्घटना में मृतकों के परिजनों को 4-4 लाख रुपए का मुआवजा शासन की ओर से दिये जाने के निर्देश दिये गए हैं। इस दुर्घटना की जांच के निर्देश भी दिये गए हैं जिसकी रिपोर्ट 24 घंटे के अंदर शहरी विकास विभाग सचिव को शासन को उपलब्ध कराना है।



ट्विटर पर एक वीडियों भी वायरल हुआ है जिसमें आग लगने के बाद बच्चे ऊपर से कूद रहे हैं, तभी एक व्यक्ति दीवार के सहारे खड़ा था, उसी वक्त ऊपर से कुछ छात्रा और छात्र नीचे उतरने की कोशिश कर रहे हैं।तब इस व्यक्ति ने उनका हाथ थामा, उन्हें समझाया और आराम से एक दीवार के सहारे खड़ा किया. अब ये व्यक्ति कौन है, छात्र है या सुरक्षाकर्मी, किसी को नहीं पता। सूरत पुलिस आयुक्त सतीश शर्मा ने कहा कि घटना में 19 लोगों की मौत हो गई है और मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

प्रदेश के मुख्यमंत्री विजय रूपाणी ने घटना की जांच के आदेश दिए हैं और शहरी विकास विभाग के प्रधान सचिव को तुरंत घटनास्थल पर पहुंचने का आदेश दिया है। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने घटना में जान गंवाने वाले हर छात्र के परिवार को 4-4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का भी ऐलान किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी इस भीषण अग्नि दुर्घटना पर दुख व्यक्त किया है। श्री मोदी ने अपने ट्विटर में कहा कि सूरत में यह आग की घटना दुखदायक है। मेरी संवेदना पीड़ित परिवारों के साथ है।

## करारी शिकस्त देने के बाद शीला दीक्षित से मिलने पहुंचे मनोज तिवारी, लिया आशीर्वाद

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली की उत्तर पूर्वी सीट से लोकसभा चुनाव 2019 में जीत हासिल करने वाले भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेता और प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी शनिवार को अपनी प्रतिद्वंदी और सीनियर नेता शीला दीक्षित से मिलने पहुंचे। इस मुलाकात की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं, जिनमें मनोज तिवारी शीला से आशीर्वाद लेते दिख रहे हैं। बता दें कि नॉर्थ ईस्ट सीट पर मनोज तिवारी ने शीला को करारी शिकस्त देकर ही जीत दर्ज की है।



### दूसरे नंबर पर रहीं थी शीला

दिल्ली की पूर्व सीएम शीला दीक्षित वर्तमान में कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष भी हैं। इस बार वह नॉर्थ ईस्ट सीट से चुनाव लड़ीं लेकिन मनोज तिवारी के हाथों हार गईं। तिवारी ने उन्हें यहां पूरे 366102 वोटों से हराया। मनोज तिवारी को कुल 787799 वोट मिले थे। वहीं 421697 वोटों के साथ शीला दूसरे नंबर पर रहीं। वहीं आम आदमी पार्टी के नेता दिलीप पांडेय को यहां से सिर्फ 190856 वोट मिले।

## आज को मां का आशीर्वाद लेने मोदी जायेंगे गुजरात

**» सोमवार को अपनी लोकसभा काशी का करेंगे दौरा**

**» शपथ ग्रहण में शामिल होंगे कई विदेशी मेहमान**

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी को मिले प्रचंड बहुमत हासिल करने के बाद श्री मोदी रविवार को अपनी मां का आशीर्वाद लेने गुजरात जाएंगे। गुजरात ने इस बार भाजपा को 26 की 26 सीटें मिली हैं। मोदी गुजरात जाकर वोटरों का धन्यवाद भी करेंगे। इसकी जानकारी खुद पीएम मोदी ने ट्वीट कर दी। ट्वीट में उन्होंने कहा, मैं मां का आशीर्वाद लेने गुजरात जाऊंगा। अपने ट्वीट में पीएम मोदी ने कहा है कि उसके बाद मैं सोमवार को काशी जाऊंगा तथा वहां लोगों को शुक्रिया अदा करूंगा।



बता दें पीएम मोदी इससे पहले 23 मई को मतदान के लिए गुजरात गए थे, तब उन्होंने मां से मुलाकात की थी। अक्सर चुनाव में जीत दर्ज करने और जन्मदिन के अवसर पर नरेंद्र मोदी अपनी मां से आशीर्वाद लेने जाते हैं। 2014 में जब वह प्रधानमंत्री बने, तब भी उन्होंने सबसे पहले अपनी मां का आशीर्वाद लिया था। इससे पहले पीएम मोदी ने शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी तथा मुरली मनोहर जोशी के घर जाकर मुलाकात की थी तथा उनसे आशीर्वाद लिया था। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दूसरी बार प्रधानमंत्री पद के लिए श्री मोदी 30 मई गुरुवार शपथ ग्रहण कर सकते हैं। शपथ ग्रहण के अवसर पर मंत्रीमंडल के सहयोगियों के शपथ लेने की संभावना है। शपथ ग्रहण की तैयारियों के बीच विदेश के कई देशों के राष्ट्राध्यक्षों को भी कार्यक्रम में शामिल होने आमंत्रित किया जा रहा है।

## जज ने ट्रम्प के दीवार बनाने की योजना पर लगायी अस्थायी रोक

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक संघीय जज ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के राष्ट्रीय आपात की घोषणा के तहत दक्षिणी सीमा पर अरबों डॉलर खर्च कर दीवार बनाने की योजना पर अस्थायी रोक लगा दी है। अमेरिका के उत्तरी जिला कैलिफोर्निया के संघीय जज हेयवुड एस गिलियम जूनियर ने यह रोक लगायी है। श्री ट्रम्प ने अमेरिका और मैक्सिको की सीमा पर दीवार बनाने का आश्वासन बहुत पहले दिया था। इस दीवार से घुसपैठ और मादक पदार्थ तस्करी पर रोक लगायी जा सकेगी और यह श्री ट्रम्प के चुनावी अभियान का मुख्य मुद्दा था। राष्ट्रपति इस दीवार के निर्माण के लिए धन जुटाने के लिए कठिनाईयों का सामना कर रहे हैं क्योंकि कांग्रेस ने इसके लिए श्री ट्रम्प के अरबों डॉलर की धनराशि आवंटित करने के आग्रह को ठुकरा दिया है। श्री ट्रम्प ने कांग्रेस को दरकिनार कर आवश्यक धन जुटाने के लिए राष्ट्रीय आपदा की घोषणा की।



## कार में अंदर से बंद हुआ दरवाजा, दम घुटने से हुई 3 बच्चों की मौत

**» इंदौर में दर्दनाक हादसा**

**इंदौर (आरएनएस)।** सांवेर क्षेत्र में खेलते-खेलते कार का दरवाजा अचानक बंद हो जाने से उसके भीतर तीनों बच्चों की दम घुटने से मौत हो गई। चंद्रभागा गांव में तीन बच्चों के शव एक कार में मिले। एक परिवार के तीन बच्चे पूनम, बुलबुल और प्रतीक आंगनबाड़ी जाने के लिए घर से निकले थे। नियमित रूप से तीनों भाई-बहन लगभग साढ़े 10 बजे आंगनबाड़ी से लौटते थे, मगर आज वे नहीं लौटे तो उनकी तलाश शुरू की गई। जब तीनों बच्चों का पता नहीं चला, तो गांव में ही बंद पड़ी कार को देखा गया तो तीनों बच्चे अचेत अवस्था में कार के भीतर मिले। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।



तीनों बच्चों की आयु दो-छह वर्ष है। इन बच्चों के पिता पवन राठौड़ ढोल बजाने का काम करते हैं। बच्चे आंगनबाड़ी जाने की बात कहकर घर से निकले थे। वे कार के भीतर जाकर खेलने लगे, इसी दौरान कार का भीतर से लॉक बंद हो गया और बच्चे बाहर नहीं निकल पाए। तीनों की दम घुटने से मौत हुई है। तीनों बच्चों के कपड़े भीगे हुए थे, इसलिए आशंका है कि बच्चों की मौत का कारण कुछ और है। वहीं अन्य लोगों का कहना है कि जब कार खोलकर बच्चों को बाहर निकाला गया तो वे पसीने से लथपथ थे और उन्हें अचेतावस्था से बाहर लाने के लिए पानी भी छिड़का गया था, जिससे उनके कपड़े गीले हो गए थे।

स्थानीय लोगों ने बताया कि कार कई दिनों से खड़ी है, उसमें बच्चे खेलते रहते हैं। आशंका है कि आज भी तीनों बच्चे कार में खेलते रहे हों और अचानक कार का दरवाजा बंद हो गया हो, जिसे वे खोल न पाए हों और दम घुटने से उनकी मौत हो गई।

## कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी के इस्तीफे की पेशकश नामंजूर

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में देश भर में करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने इस्तीफे की पेशकश की है, लेकिन पार्टी की कार्यसमिति ने उनकी पेशकश को खारिज कर दिया है। बैठक खत्म होने के बाद कांग्रेस के मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने अन्य नेताओं के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि राहुल की पेशकश को सर्वसम्मति से नामंजूर कर दिया गया। कार्यसमिति ने राहुल गांधी को यह कहते हुए पार्टी के संरचनात्मक ढांचे में आमूल-चूल परिवर्तन के लिए अधिकृत किया है कि पार्टी को प्रतिकूल परिस्थितियों में आपके नेतृत्व की जरूरत है। सुरजेवाला ने कहा कि कांग्रेस 2019 के जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करती है और वह एक जिम्मेदार और सकारात्मक विपक्ष की भूमिका निभाएगी।

कांग्रेस कार्यसमिति की बैठक के बाद मीडिया को संबोधित करते हुए कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता और मीडिया प्रभारी रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि बैठक में एक प्रस्ताव पारित किया गया। पारित प्रस्ताव में कहा गया है, कार्यसमिति 2019 के जनादेश को विनम्रता से स्वीकार करती है। कांग्रेस कार्यसमिति 12.13 करोड़ साहसी व सजग मतदाताओं को धन्यवाद देती है, जिन्होंने कांग्रेस पार्टी में अपना विश्वास व्यक्त किया। कांग्रेस पार्टी एक जिम्मेदार व सकारात्मक विपक्ष के रूप में अपना कर्तव्य निभाएगी और देशवासियों की समस्याओं को सामने रख उनके प्रति सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करेगी।



राहुल के इस्तीफे की पेशकश को नामंजूर करते हुए प्रस्ताव में कहा गया है, कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी ने कांग्रेस कार्यसमिति के सम्मुख अध्यक्ष पद से अपने इस्तीफे की पेशकश की, मगर कार्यसमिति के सदस्यों ने सर्वसम्मति व एक स्वर से इसे खारिज करते हुए कांग्रेस अध्यक्ष को आह्वान किया कि प्रतिकूल व चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में पार्टी को राहुल गांधी के नेतृत्व व मार्गदर्शन की आवश्यकता है।

## ट्रम्प ने अमेरिकी युद्ध अपराध मामले में क्षमा पर विचार करने की पुष्टि की

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को पुष्टि की कि वह युद्ध अपराधों के आरोपी या दोषी कई सैन्य कर्मियों के लिए क्षमादान पर विचार कर रहे हैं। आलोचकों का कहना है कि यह संविधान प्रदत अधिकारों का दुरुपयोग होगा। न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी खबर में प्रशासनिक अधिकारियों के हवाले से बताया है कि मेमोरियल डे सप्ताहांत पर ट्रम्प ने विवादित क्षमादान का उल्लेख किया था। इस दौरान अमेरिका ड्यूटी के वक्त जीवन का बलिदान करने वाले सैनिकों को याद कर उन्हें श्रद्धांजलि देता है। खबरों के अनुसार, निहत्थे लोगों पर गोलियां चलाने और एक किशोर बंदी की चाकू से गोद-गोद कर हत्या करने के आरोपी नेवी सील एडवर्ड गैलाघेर के क्षमादान पर भी विचार किया जा रहा है। गैलाघेर पर अगले हफ्ते मुकदमा शुरू होने वाला है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि यूएस आर्मी ग्रीन बेरेट्स के पूर्व सदस्य मैट गॉल्स्टीन को भी क्षमा किये जाने पर विचार किया जा रहा है। व्हाइट हाउस के लॉन में शुक्रवार को ट्रंप ने पत्रकारों से कहा कि हम कई लोगों के क्षमादान पर विचार कर रहे हैं।

## ममता बनर्जी ने की इस्तीफे की पेशकश, चुनाव आयोग, केंद्रीय सुरक्षा बल पर लगाए आरोप

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव 2019 के नतीजे आने के बाद भी पश्चिम बंगाल का सियासी ड्रामा खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। अब राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इस्तीफे की पेशकश की है। इसके अलावा उन्होंने चुनाव आयोग, केंद्रीय सुरक्षा बल समेत केंद्र सरकार पर उनके खिलाफ काम करने का आरोप भी लगाया। रविवार को तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) ने लोकसभा चुनाव में कम हुई सीटों पर चर्चा करने के लिए मीटिंग की थी। इस मीटिंग के बाद ममता बनर्जी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की, जिसमें उन्होंने कहा कि मैंने मीटिंग की शुरुआत में ही कह दिया था कि मैं अब सीएम के तौर पर काम नहीं करना चाहती। खबरें मिल रही हैं कि टीएमसी नेताओं ने उनके इस्तीफे की इस पेशकश को नामंजूर कर दिया है।



प्रेस कॉन्फ्रेंस में ममता ने चुनाव आयोग और केंद्रीय बल पर आरोप भी लगाए। उन्होंने कहा, केंद्रीय सुरक्षा बल ने मेरे खिलाफ काम किया। आपातकाल की सी स्थिति पैदा कर दी गई थी। हिंदू-मुस्लिम के नाम पर वोटों को बांटा गया। हमने चुनाव आयोग को शिकायत की, लेकिन उन्होंने भी कुछ नहीं किया।

लोकसभा चुनाव 2019 के नतीजे आने के बाद पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की अगुआई वाली तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) को बड़ा झटका लगा है। बीजेपी ने राज्य में शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 सीटें हासिल की हैं। वहीं टीएमसी अपने पिछले प्रदर्शन को नहीं दोहरा सकी है। टीएमसी ने 43.3 प्रतिशत वोट शेयर के साथ 42 में से 22 लोकसभा सीटें जीतीं।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### नरेंद्र मोदी ने पीएम पद से दिया इस्तीफा, राष्ट्रपति ने किया स्वीकार

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को अपना इस्तीफा सौंप दिया। मोदी ने राष्ट्रपति भवन में कोविंद से मिलकर उन्हें अपना इस्तीफा दिया जिसे राष्ट्रपति ने तत्काल स्वीकार कर लिया और नयी सरकार के गठन तक कार्यवाहक प्रधानमंत्री के रूप में काम करते रहने का उनसे अनुरोध किया। इससे पहले केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक हुई जिसमें 16वीं लोकसभा को भंग करने का प्रस्ताव पारित किया गया। मंत्रिमंडल की इस सिफारिश को भी राष्ट्रपति ने स्वीकार कर लिया है।

### वेनेज़ुएला की जेल में 29 कैदियों की मौत

**काराकास।** वेनेजुएला की एक जेल में हुई झड़प में 29 कैदियों की मौत हो गई और 19 पुलिसकर्मी घायल हो गए। यह घटना शुक्रवार को एकारिगुआ शहर के एक पुलिस लॉकअप में हुई। राज्य के सार्वजनिक सुरक्षा सचिव ऑस्कर वैलेरो ने मीडिया से कहा, कैदियों ने भागने की कोशिशे की और गुटों के बीच लड़ाई हुई। उन्होंने यह भी कहा, जब पुलिस ने कैदियों को भागने से रोका और मामले में बीच-बचाव किया तो कैदियों ने इसका विरोध किया और दोनों पक्षों के बीच झड़प शुरू हो गई, जिसमें 29 कैदी मारे गए। एफे न्यूज की रिपोर्ट के मुताबिक, वैलेरो ने कहा कि कैदियों ने तीन ग्रेनेड फेंके, जिसमें 19 पुलिस अधिकारी भी घायल हो गए। एकारिगुआ के लॉकअप में अभी भी 350 से अधिक लोग ट्रायल का इंतजार कर रहे हैं। एक स्वतंत्र एडवोकेसी ग्रुप द वेनेजुएलन प्रिजंस ऑब्जर्वेटरी (ओवीपी) ने देश की 30 जेलों में पुराने कैदियों की भीड़, भ्रष्टाचार और हिंसा के लिए आठ साल पहले बनाई गई न्याय और सेवा सुधार विभाग मंत्रालय को दोषी ठहराया है। ओवीपी ने ट्विटर पर कहा, एकारिगुआ में जो कुछ भी हुआ वह एक सामूहिक हत्या है। एक अन्य एनजीओ ने कहा कि यह झड़प उस वक्त शुरू हुई जब कैदी अन्य सुविधाओं की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन कर रहे थे।ओवीपी के अनुसार, जेल में 35,562 कैदियों के रहने के स्थान पर करीब 55,000 लोग रहते हैं। पिछले एक दशक में वेनेजुएला के जेलों के अंदर कई कैदियों की हिंसा में मौत हुई है।

### ईस्टर धमाकों के मामले में पांच संदिग्ध गिरफ्तार

**कोलंबो।** श्रीलंकाई पुलिस ने ईस्टर रविवार को हुए धमाकों के मामले में स्थानीय इस्लामिक समूह नेशनल तौहीद जमात (एनटीजे) और उसके एक सरगना जाहरान कासिम से कथित रूप से जुड़े पांच संदिग्धों को शुक्रवार को गिरफ्तार किया। इन धमाकों में करीब 260 लोग मारे गए थे। उत्तर मध्य क्षेत्र होरोपोताना से पांच संदिग्धों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस प्रवक्ता रुवान गुनशेखरा ने बताया कि शुक्रवार को गिरफ्तार किए गए पांच लोगों में होरोपोताना संभागीय सचिवालय से जुड़ा एक विकास अधिकारी, होरोपोताना के एक सरकारी स्कूल का शिक्षक, किवुलेकड़ा के एक अरब स्कूल के दो शिक्षक और केबिथिगोलवा का एक निवासी शामिल है।

### अमेरिकी जज ने मिसिसिप्पी में गर्भपात पर लगे प्रतिबंध पर अस्थाई रोक लगाई

**जैकसन।** अमेरिका के एक संघीय जज ने मिसिसिप्पी में भ्रूण के दिल की धड़कन बनने के बाद गर्भपात पर लगे प्रतिबंध पर अस्थाई रोक लगा दी है। अमेरिकी डिस्ट्रिक्ट जज कॉर्ल्टन रीव्स ने शुक्रवार को एक आदेश जारी कर एक जुलाई से प्रभावी हो रहे कानून पर रोक लगाई। उन्होंने मंगलवार को प्रांत में गर्भपात करने वाले एकमात्र क्लिनीक के वकील की दलीलें सुनी। वकील ने कहा कि भ्रूण के दिल की धड़कन करीब छह सप्ताह में बन जाती है और सामान्य तौर पर महिलाओं को इतने ही वक्त में अपने गर्भवती होने का पता चलता है, ऐसे में गर्भपात पर पूर्ण प्रतिबंध लग जाएगा।